# कार्यालय निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः शिविरा/माध्य/खेलकूद–3/35049/एन.आई.एस./2022–23 दिनांक 06-05-2022

1. **समस्त संयुक्त निदेशक**
   **स्कूल शिक्षा**
2. **समस्त जिला शिक्षा अधिकारी**
   **(मुख्यालय) माध्यमिक**

विषय :– नेताजी सुभाष राष्ट्रीय क्रीड़ा संस्थान पटियाला /बैंगलोर/कोलकाता / तिरूवनन्तपुरम द्वारा आयोजित विभिन्न खेलों में एक वर्षीय नियमित पाठ्यक्रम डिप्लोमा कोर्स इन स्पोर्ट्स कोचिंग में राज्य के शारीरिक शिक्षकों को पूर्ण वेतन पर प्रतिनियुक्ति के सम्वद्ध में ।

विषयान्तर्गत लेख है कि विगत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी नेताजी सुभाष राष्ट्रीय क्रीड़ा संस्थान पटियाला/बैंगलोर/कोलकाता/तिरूवनन्तपुरम से शिक्षा विभाग में कार्यरत शारीरिक शिक्षकों को खेल विशेष में एक वर्षीय पाठ्यक्रम डिप्लोमा कोर्स इन स्पोर्ट्स कोचिंग (एन.आई.एस. प्रशिक्षण) करवाने हेतु भिजवाया जाना है । **इस सम्बन्ध में आपके अधीनस्थ कोई भी शारीरिक शिक्षक (पुरूष/महिला) उक्त प्रशिक्षण प्राप्त करना चाहें तो सम्बन्धित शारीरिक शिक्षक नेताजी सुभाष राष्ट्रीय क्रीड़ा संस्थान पटियाला को आवश्यक राशि भेजकर वहाँ से आवेदन पत्र एवं दिशा–निर्देश प्राप्त कर उक्त आवेदन पत्र Online भरकर उसकी रसीद संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा/ जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक से प्रमाणित करवाकर इस कार्यालय को प्रेषित करने पर ही विभाग द्वारा कार्मिक को पूर्ण वेतन पर प्रशिक्षण प्राप्त करने की अनुमति प्रदान की जावेगी ।** कार्मिक के प्रशिक्षण हेतु अन्तिम चयन से पूर्व की समस्त अनुमति संबंधित नियुक्ति अधिकारी के द्वारा प्रदान की जावेगी ।

**संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है :–**

**नियमित डिप्लोमा कोर्स इन स्पोर्ट्स कोचिंग एक वर्षीय पाठ्यक्रम**

**1. योग्यता :–** मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कला/वाणिज्य/विज्ञान/अन्य में स्नातक एवं शारीरिक शिक्षा में प्रमाण पत्र/डिप्लोमा या डिग्री किया हुआ हो ।

**2. आयु :–** 22 मई 2022 को 21 से 35 वर्ष के बीच हो। 5 वर्ष की छूट केवल अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता जैसेः– एशियन गेम्स/एशियन चैम्पियनशिप/कॉमलवैल्थ गेम्स/वर्ल्ड गेम्स/वर्ल्ड चैम्पियनशिप/ओलम्पिक गेम्स में संभागित्व/अनुसूचित जाति/ जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को देय होगी।

**नोट :–** योग्यता, पात्रता एवं आयु एन.आई.एस. पटियाला की नवीनतम विवरणिका में वर्णित निर्देशों के अनुरूप ही मान्य होगी ।

3. 01 मई 2022 को शारीरिक शिक्षक (पुरूष/महिला) पद पर कार्य करने का कम से कम तीन वर्ष का अनुभव प्राप्त हो, इस आशय का पृथक से प्रमाण संलग्न करें ।

**विशेष :–**

1. खेल विशेष में दक्षता, जिसमें कि अभ्यर्थी प्रवेश चाहता हो ।
2. उक्त कोर्स हेतु प्रशिक्षण संस्था से कॉल लेटर प्राप्त होने पर साक्षात्कार के लिए प्रस्थान करने से पूर्व सम्वद्ध शारीरिक शिक्षक अपने संस्था प्रधान से मुख्यालय छोड़ने की अनुमति के साथ अवकाश प्रार्थना पत्र स्वीकार करवाकर मुख्यालय छोड़ेंगे। साक्षात्कार में चयन होने की स्थिति में मुख्यालय पर आकर कार्यमुक्त होकर ही प्रशिक्षण/पाठ्यक्रम में भाग लेंगे। जहाँ प्रशिक्षण/पाठ्यक्रम चयन परिणाम के बाद तुरन्त प्रारम्भ से होता है एवं कार्यमुक्त होने हेतु पर्याप्त समय नहीं मिलता है, तो ऐसी स्थिति में चयन की सूचना के साथ अपने पदस्थापन स्थान से डाक से कार्यमुक्त करने हेतु अपने सम्बन्धित संस्था प्रधान को मेल/ फैक्स एवं स्पीड पोस्ट से आवेदन करेंगे, जिसकी प्रतिलिपि निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर को ई मेल आइडी sec.sportsbkn@yahoo.com पर भी प्रेषित करेंगे। मुख्यालय छोड़ने की तिथि से सम्बन्धित संस्था प्रधान ऐसे कार्मिकों को तत्काल डाक से कार्यमुक्त कर इसकी सूचना सम्वद्ध कार्मिक, जि.शि.अ.(मुख्यालय) माध्यमिक एवं निदेशालय माध्यमिक शिक्षा बीकानेर को देंगे। साक्षात्कार की अवधि में कार्मिक स्वयं के अवकाश पर माना जावेगा ।

लगातार .....पृष्ठ 2 पर

Rajasthan Education Department
सत्यमेव जयते

Scanned by CamScanner

3. जिन शा.शिक्षकों का उपर्युक्त पाठ्यक्रम हेतु चयन होगा उनकी प्रतिनियुक्ति विभाग द्वारा पूर्ण वेतन पर की जावेगी तथा उभय पक्षीय यात्रा भत्ता भी पाठयक्रम पूर्ण कर लौटने पर उन्हें देय होगा।
4. प्रतिनियुक्त अभ्यर्थियों को पाठ्यक्रम में चयन होने पर राज्य सरकार की सेवा करने हेतु 5 वर्ष का अनुबन्ध पत्र भरना होगा अन्यथा प्रशिक्षण का समस्त व्यय मय ब्याज के अभ्यर्थियों से नियमानुसार वसूल किया जावेगा ।

**सम्बन्धित जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक प्राप्त आवेदन पत्रों की रसीद एवं अनुमति को अपनी अभिशंषा के साथ इस कार्यालय को वाहक स्तर पर उपलब्ध करावें। आवेदन पत्रों की रसीद को अग्रेषित करने से पूर्व अग्रेषण अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि आवेदक वॉछित योग्यता रखता हो ।**

इस सम्बन्ध में अपने अधीनस्थ विद्यालयों हेतु आदेश शीघ्र प्रसारित कर इस कार्यालय को भी सूचित करें। उक्त प्रशिक्षण बाबत् अधिक जानकारी एन.आई.एस. पटियाला की वेबसाइट www.nsnis.org पर ली जा सकती है अथवा SAI, N.S., N.I.S., Patiala के दूरभाष नम्बर 0175 – 2211539 पर सम्पर्क किया जा सकता है ।

(गौरव अग्रवाल)
आई.ए.एस.
निदेशक,माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान,बीकानेर

क्रमांकः शिविरा/माध्य/खेलकूद–3/35049/एन.आई.एस./2022–23 दिनांक 06-05-2022

प्रतिलिपि : निम्नाकितों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. निदेशक, प्रांरभिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर।
2. समस्त संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा, विभाग को निर्देशित किया जाता है कि अपने अधीनस्थ समस्त जिला शिक्षा अधिकारी, माध्यमिक (मुख्यालय) को उक्त आशय का पत्र समस्त विद्यालयों में शीघ्र प्रसारित करने हेतु निर्देशित एवं पाबंद कर इस कार्यालय को सूचित करें।
3. एस.ए., कम्प्यूटर अनुभाग, कार्यालय हाजा को प्रेषित कर लेख है कि विभाग की वेबसाइट पर उक्त पत्र प्रसारित करें ।
4. रक्षित पत्रावली।

उप निदेशक (खेलकूद) 6/5/22
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

Rajasthan Education Department
सत्यमेव जयते

Scanned by CamScanner